smiths

bringing technology to life

व्यावसायिक आचार संहिता

फरवरी 2016 में संशोधित

व्यावसायिक आचार संहिता

हमारी संहिता दुनिया भर में Smiths Group के सभी व्यवसायों और कर्मचारीयों पर लागू होती है। हमारी संहिता की अनुपालना कंपनी की अच्छी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और बढ़ाने में मदद करती है और हितधारकों के लिए दीर्घावधि मूल्य निर्माण में योगदान देती है। हमारा मानना है कि समग्र रूप में समूह के निर्माण और उसे मजबूत बनाने में हर कर्मचारी अपनी भूमिका निभाता है। हम एक प्रतिकार-हीन नीति को संचालित करते हैं: यदि कोई कर्मचारी अच्छी नीयत से किसी कदाचार या अनेतिक व्यवहार की रिपोर्ट करता है तो उसके विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्यवाही या उसके साथ बुरा व्यवहार नहीं किया जाएगा।

परिचय

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, Smiths Group दुनिया भर में ग्राहकों, शेयरधारकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवहार करता है। अन्य संगठनों और व्यक्तियों, जिन के साथ हमारे कारोबरी व्यवहार होते हैं, के साथ-साथ ये समूह, हम क्या करते हैं, इसमें करीबी रुचि रखते हैं।

Smiths के बारे में उनकी राय हमारे कार्यों से प्रभावित होती है। सिर्फ एक अच्छी प्रतिष्ठा ही महत्वपूर्ण नहीं है, यह हमारी निरंतर सफलता के लिए आवश्यक है। इस प्रतिष्ठा का एक महत्वपूर्ण निर्धारक यह है कि हम सब कैसे व्यवहार करते हैं – व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों रूप से।

एक जटिल दुनिया में, हर स्थिति को आवृत करने के लिए विशिष्ट नियमों और विनियमों को स्थापित करना अव्यावहारिक है। हालांकि, Smiths में हमारी एक व्यावसायिक आचार संहिता है जो हर कर्मचारी के व्यावसायिक व्यवहार के लिए स्पष्ट और मानक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

संहिता को सर्वप्रथम 2004 में शुरू किया गया था और अब आज की चुनौतियों को परिलक्षित करने के लिए अद्यतित किया गया है। यह उन मानकों को रेखांकित करती है जिन्हें हम सभी को प्राप्त करना चाहिए और गतिविधि के विभिन्न क्षेत्रों की एक श्रृंखला को शामिल करती है। जबकि यह हर परिस्थिति के साथ नहीं निपट सकती है, यह एक रूपरेखा निर्मित करती है जो हमें यह निर्णय करने में मदद करती है कि हम कैसा व्यवहार करें।

संहिता को सहयोगियों, बाहरी हितधारकों और समुदायों जिनमें हम मजबूत नैतिक आधार पर काम करते हैं, के साथ हमारे संबंधों की स्थापना में मदद करने के लिए बनाया गया है।

हमारा उद्देश्य न केवल अपनी कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करना के लिए और हमारे शेयरधारकों के निवेश की रक्षा करना है, बल्कि व्यक्तिगत कानूनी और नियामक अनुपालन के साथ-साथ उत्तरदायी व्यवहार सुनिश्चित करके हर कर्मचारी के हितों की रक्षा करना भी है।

संहिता का समर्थन करने वाली विशिष्ट नीतियाँ हैं। ये इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं और हमें अपने व्यापार का संचालन कैसे करना चाहिए उसके बारे में अधिक विस्तार से स्थापित की गई हैं। वे इस महत्वपूर्ण संदेश को रेखांकित करती हैं कि जिम्मेदारी और नैतिकता से व्यवहार करना हमारी सभी नौकरियों का एक अभिन्न हिस्सा है। इसलिए यह हम में से हर एक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ-साथ अनुपालन की निगरानी करना लाइन प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है।

Smiths का बोर्ड और वरिष्ठ कार्यकारी प्रबंधन इस संहिता को सहमति और समर्थन देते हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम में से हर एक को संहिता की आवश्यकताओं के बारे में पूरी तरह से पता है और इसके निहितार्थ को समझता/समझती है, हम सभी कर्मचारियों से उचित प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्मीद करते हैं।

यदि आप को कभी भी विशिष्ट स्थितियों व्यवहार करने के बारे में कोई संदेह हो या संहिता के किसी संभावित उल्लंघन के बारे में रिपोर्ट करना चाहते हैं तो ऐसा करने के लिए कई तरीके हैं।

सामान्य प्रबंधन और मानव संसाधन रिपोर्टिंग लाइनों के अलावा, गोपनीय, समर्पित हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं। विशिष्ट देश से संबंधित हेल्पलाइन के नंबर को स्थानीय रूप से हर स्थल पर पोस्टरों में विज्ञापित किया जाता है और सभी नंबर Smiths की इंट्रानेट साइट पर भी उपलब्ध हैं। हेल्पलाइन ई-मेल के माध्यम से भी उपलब्ध है।

हम वचन देते हैं कि किसी मुद्दे को अच्छी नीयत से उठाने वाले प्रतिशोधात्मक कार्यवाही या नकारात्मक परिणामों के डर के बिना ऐसा कर सकते हैं।

अंत में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि Smiths और उसके कारोबारों को उस बाजार में जिसमें हम दुनिया भर में ऑपरेट करते हैं, जिम्मेदार और नैतिक प्रतिभागियों के रूप में देखा जाता है और देखा जा सकता है। मैं संहिता को बनाए रखने और एक बड़ी कंपनी की सफलता की दिशा में योगदान के लिए हर कर्मचारी की प्रतिबद्धता का आह्वान करता हूँ।

धन्यवाद

डेविड कुकेल्मैन
(David Kuckelman)
वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सामान्य वकील – नैतिकता और अनुपालन, स्मिथ्स ग्रुप पीएलसी



हम कानून का पालन करते हैं

1.0 कानूनों की अनुपालना

1.1 Smiths Group plc और उसकी सहायक कंपनियां (‘Smiths’), इसके कर्मचारियों और एजेंटों से, एक न्यूनतम मानक के रूप में, जिन देशों में वे काम करते हैं, वहाँ के सभी कानूनों और विनियमों की पालना करने की अपेक्षा करते हैं।

हम उचित प्रतिस्पर्धा करते हैं

2.0 प्रतिस्पर्धा

2.1 Smiths अपने बाजार क्षेत्रों में उचित रूप से और तेजी से प्रतिस्पर्धा करने में विश्वास रखता है। Smiths में कानूनी रूप से किसी प्रकार की प्रतिस्पर्धा-विरोधी अनुबंधों, व्यावसायिक रीतियों या आचरणों में न तो संलग्न होता है और न ही उनका हिस्सा बनता है।

हम हमारे सभी व्यावसायिक व्यवहार में ईमानदारी के साथ काम करते हैं

3.0 उचित व्यावसायिक व्यवहार

3.1 Smiths अपने कर्मचारियों से उस विश्वास की रक्षा करने के लिए जो विश्वास Smiths के साथ कारोबारी व्यवहार करने वाले ग्राहक, शेयरधारक, आपूर्तिकर्ता और अन्य व्यक्ति और संगठन उस पर करते हैं, सभी अवसरों पर ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा करता है।

3.2 कोई भी Smiths के हितों के साथ टकराव को जन्म देने या आभास देने वाली व्यक्तिगत गतिविधियों या अपने वित्तीय या व्यापारिक हितों की वृद्धि करने या अपनी नौकरी की जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता के साथ समझौता करने वाली गतिविधियों में संलग्न नहीं होगा।

3.3 Smiths कारोबार हासिल करने, बनाए रखने या व्यापार देने या अन्य लाभों के लिए रिश्वत या अन्य अनैतिक लाभ की न तो पेशकश करता है, न वादा करता है, न देता है, न मांग करता है या न ही स्वीकार करता है।

3.4 Smiths के जिन कर्मचारियों की विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी (मालिकाना और गोपनीय जानकारी सहित, चाहे Smiths या दूसरों से संबंधित) तक पहुँच है, उन्हे इस का उपयोग अपने या दूसरों के लिए निजी लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं करना है।

3.5 Smiths के कर्मचारियों को भौतिक संपत्ति, अमूर्त आस्तियों, आईटी उपकरणों और संचार संसाधनों सहित Smiths की सभी संपत्तियों का उचित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना होगा।

हम आपूर्तिकर्ताओं, भागीदारों और ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार करते हैं

4.0 आपूर्तिकर्ताओं, व्यापार भागीदारों और ग्राहकों के साथ व्यवहार

4.1 Smiths के आपूर्तिकर्ताओं को व्यवसाय की सहमत शर्तों के भीतर समय पर भुगतान किया जाता है।

4.2 Smiths गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और निरंतर सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के माध्यम से अपने ग्राहकों की उत्पादों और सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करता है या उस से अधिक प्रदान करता है। ये विकास और अभिनव विचारों को लागू करने के लिए, ग्राहक की बदलती मांग को जल्दी से पूरा करने और लगातार उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य और वितरण के समय में सुधार करने के लिए डिजाइन किए हैं।

4.3 Smiths अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और आपूर्ति श्रृंखला में मूल्य, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी में काम करने में विश्वास करता है।

4.4 Smiths के कर्मचारियों को प्रौद्योगिकी, बौद्धिक संपदा, गोपनीय जानकारी और ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और दूसरों से प्राप्त किसी भी अन्य परिसंपत्ति या डेटा का सहमत शर्तों का सम्मान करना होगा और उनके अनुसार व्यवहार करना होगा।

4.5 Smiths एजेंटों, आपूर्तिकर्ताओं, और अपनी ओर से काम कर रहे दूसरे लोगों से कानूनन और नैतिकता की दृष्टि से तथा इस संहिता में स्थापित मूल्यों और मानकों के अनुसार कार्य करने की उम्मीद करता है।

हम अपने सह–कर्मचारियों का सम्मान करते है

5.0 कर्मचारी

5.1 Smiths कर्मचारीयों की भरती, चुनाव और तरक्की उनकी काबिलियत, कौशल, योग्यता और दृष्टिकोण के आधार पर करती है।

5.2 रोज़गार संबंधित फ़ैसलो में, Smiths जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, वैवाहिक स्थिति, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास, या उम्र शारीरिक या मानसिक अपंगता के मामले संबंधित न्यायलयो के भेदभाव विरोधी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है।

5.3 Smiths के सभी कर्मचारीयों के साथ सम्मान और गरिमा के साथ बर्ताव किया जाएगा। तदनुसार, किसी भी तरह का उत्पीड़न या बदमाशी अस्वीकार्य है।

5.4 Smiths कर्मचारी के ट्रेड यूनियन में शामिल होने या ना होने या अन्य बेहतर कर्मचारी प्रतिनिधि संगठन में शामिल होने के अधिकार का सम्मान करता है।

5.5 Smiths कर्मचारियों के साथ बेहतर संचारण और आपसी हित के मामलों पर विचार – विमर्श, सहयोग और टीम वर्क को बढ़ावा देने में विश्वास रखता है।

हम स्वस्थ, सुरक्षित और महफ़ूज़ कार्यस्थलों के लिए योगदान देते है

6.0 स्वस्थ, सुरक्षित और और महफ़ूज़

6.1 अपनी सभी गतिविधियो का संचालन उस तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्वास्थ्य और सुरक्षा के उच्तम साध्य मानकों को प्राप्त करती है।

6.2 अपने कर्मचारियों, भौतिक संपत्तियों, जानकारी और प्रतिष्ठा को संभावित सुरक्षा खतरों से रक्षा करती है।

हम पर्यावरण का सम्मान करते हैं

7.0 पर्यावरण

7.1 यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, कि जहाँ तक यथार्थ में संभव हो, उसकी कोई भी गतिविधियो, उत्पादों और सेवाओं का पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव कम हो।

हम अपने समुदायों में योगदान देते हैं

8.0 समुदाय

8.1 रोजगार के अवसर और प्रशिक्षण और विकास गतिविधियों के प्रावधान के अलावा, Smiths सामाजिक और धर्मार्थ कार्यो में भाग लेकर, अथवा उसके लिए समर्थन देकर, उन समुदायो में योगदान करना चाहते है जिनमे वह कार्य करते है।

8.2 जब और जहाँ भी बकाया हो Smiths अपने प्रचालन और गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले कर का उचित ढंग से भुगतान करता है।

हम प्रासंगिक सार्वजनिक बहस में भाग लेते हैं

9.0 सार्वजनिक गतिविधियाँ

9.1 जब भी उचित हो, Smiths सरकारों, सरकारी विभागों, एजेंसियों तथा अन्य संगठनो से उन मुद्दो के लिए जुड़ती है जो उनके वैध व्यापार हितों को या तो सीधे या व्यापार संघों या अन्य समान निकायो से माध्यम से प्राभावित करते है।

हम मानव अधिकारों का सम्मान करते है

10.0 मानव अधिकार

10.1 Smiths अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सभी मानव अधिकारो का समर्थन करना चाहता है जहाँ जहाँ उनके संचालन स्थित हैं।

10.2 Smiths सभी संबंधित सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करता है जो यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए गये है की उत्पाद हथियार में, या अन्य उपकरण में आतंकवाद या मानव अधिकारों के दुरुपयोग के उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल के लिए शामिल ना हो जाए।

हमारे पास वित्तीय रिकॉर्ड रखरखाव एवं रिपोर्टिंग के उच्चतम मापदंड है

11.0 रिपोर्टिंग और आंतरिक नियंत्रण

11.1 अपने सभी व्यावसायिक लेनदेन को सही ढंग से, सावधानी से और पारदर्शी ढंग से, Smiths Group plc की वार्षिक रिपोर्ट एवं खातो में विस्तृत रूप में लेखांकन नीतियों के अनुरूप और सबसे सर्वोत्तम कार्य प्रणाली के अनुसार रिकॉर्ड करता है।

11.2 व्यापक मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण की मजबूत प्रणाली के साथ, Smiths संरचना के आवश्यक पहलू हैं औरसेवा में यह सुनिश्चित करने के लिए की यह प्रभावी ढंग से प्रबन्धित हो रहे है और बताए गये परिणाम सटीक है।

11.3 एक आंतरिक स्वतंत्र ऑडिट प्रकार्य आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता और पहचान, मूल्यांकन और महत्वपूर्ण व्यापार जोखिम प्रबंधन के लिए चल रही जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया पर नज़र रखता है एवं Smiths Group plc के बोर्ड को उसकी रिपोर्ट देता है।

संहिता हम सब पर लागू होती है

12.0 आवेदन और अनुपालन

12.1 हमारी संहिता पूरे Smiths में और दुनियाभर में उसके सभी कर्मचारियों पर लागू होती है। यह जहां उपयुक्त हो अनुवाद किए जाते है, हार्ड कॉपी में स्थानीय मानव संसाधन विभाग द्वारा प्रदान की जाती है, और समूह इंट्रानेट साइट पर भी उपलब्ध है। किसी भी कर्मचारी द्वारा समूह संहिता का अनादर तथा उल्लंघन का परिणाम स्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

12.2 हमारी संहिता का Smiths ग्रुप पीएलसी या अथवा उसके व्यवसाय की मौजूदा नीतियों को बदलने का इरादा नहीं है। यह एक संचालन दस्तावेज के रूप में कार्य करता है जिसका अन्य नीतियों को पालन करना चाहिए। समूह और व्यापार-स्तर की नीतियों के अलावा यह संहिता सवाल और जवाब पुस्तिका और अन्य मार्गदर्शन और प्रशिक्षण द्वारा समर्थित है।

12.3 जहां एक Smiths कंपनी किसी भी संयुक्त उद्यम या वाणिज्यिक साझा व्यवस्था में एक भागीदार है, Smiths चाहता है, जहाँ तक संभव हो, सुनिश्चित करना कि संयुक्त वाहन हमारी संहिता का अनुपालन करे।

12.4 Smiths कर्मचारियों को अपने संहिता का किसी भी संदिग्ध या वास्तविक उल्लंघनों को प्रबंधन के ध्यान में लाने की उम्मीद और उसके लिए प्रोत्साहित करता है। कोई भी कर्मचारी जो ऐसी जानकारी उचित चैनलों के माध्यम से ज्ञात कराता है उसे इस खुलासे के लिए किसी भी तरह की प्रतिकूल अथवा नकारात्मक व्यवहार का सामना नही करना पड़ेगा।

सलाह प्राप्त करना तथा मुद्दे रिपोर्ट करना

कोई भी प्रश्न, मार्गदर्शन के लिए अनुरोध या संहिता के संबंध में कथित उल्लंघनों की रिपोर्ट को कई मार्गो द्वारा उठाया जा सकता है:

- अपने पर्यवेक्षक या लाइन प्रबंधक, या अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से बात करें
- यदि आप इस मुद्दे को अपने तत्काल के कार्य वातावरण के बाहर उठाना चाहते हैं तो संपर्क करें:
  - प्रभागीय प्रबंधन, प्रभागीय मानव संसाधन में से कोई भी सदस्य अथवा क़ानूनी सलाहकार जो आपके व्यापार का समर्थन करता है
  - ई-मेल ethicsalertline@smiths.com
  - अपने देश या के क्षेत्र लिए एथिक्स हेल्पलाइन पर कॉल करें, जिसका नंबर आपकी साइट पर स्थित पोस्टर पर और Smiths Group की इंट्रानेट साईट https://online.smiths.com/functions-and-policies/ethics/ पर प्रदर्शित है

सभी रिपोर्ट को अत्यंत गुप्त रूप से रखा जाता है और सही ढंग से ठीक समय पर जाँची जाती है।

शासन

संहिता का पालन करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए, हम व्यापार कार्यक्रम नीतिशास्त्र (‘कार्यक्रम’) को बनाए रखते हैं। संहिता और कार्यक्रम की संपूर्ण ज़िम्मेदारी डाइरेक्टर बोर्ड की है। संहिता के कार्यान्वयन और कार्यक्रम और संहिता के प्रावधानों के साथ अनुपालन की निगरानी की बोर्ड डाइरेक्टर के ऑडिट समिति की जिम्मेदारी है। व्यापार संहिता के लिए अनुपालन परिषद प्राथमिकताओं का निर्धारण करने, महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा करने और ऑडिट समिति के समक्ष सिफारिशें करने के लिए जिम्मेदार हैं।

smiths

Smiths Group plc
www.smiths.com

https://online.smiths.com/functions-and-policies/ethics/
ethicsalertline@smiths.com